an>

Title: Regarding the closure of six intermediate high schools run by HCL in Jamshedpur Parliamentary Constituency of Jharkhand.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में जमशेदपुर में मिडल हाई स्कूल, मुसावनी माइन्स मिडल हाई स्कूल, मुसावनी माइन्स हाई स्कूल, सुरदा माइन्स मिडल स्कूल, सुरदा माइन्स हाई स्कूल, आईसीसी माइन्स हाई स्कूल, छः माइनिंग स्कूल कॉपर लिमिटेड द्वारा संचालित होते थे। सितंबर, 2002 में अचानक सभी विद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारियों के भुगतान पर रोक लगा दी गई और उक्त छः विद्यालयों का संचालन बंद कर दिया गया। इससे यहां के बच्चों की शिक्षा पर विपरीत प्रभाव पड़ा और माता-पिता अपने बच्चों को शिक्षा देने में वंचित रह गए। उक्त विद्यालय बंद होने से 1995 से लगभग 105 शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ के वेतन और भत्तों पर रोक लगा दी गई जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो गई कि 14 शिक्षकों की मौत हो गई।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि अविलंब हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड द्वारा संचालित विद्यालयों को शुरु किया जाए। यहां भारत सरकार द्वारा 'सर्व शिक्षा अभियान' के तहत शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जाए। वीआरएस स्कीम के तहत लगभग 10,000 मजदूरों का एरियर भुगतान बाकी है और अनुकम्पा के आधार पर पिछले दस सालों से एक भी नौकरी नहीं मिली है। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।